असुविधाओं से घिरा कन्या प्राथमिक शाला

छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 26 जुलाई। जहां सरकार एक ओर कन्याओं को आगे बढ़ने के लिए रोज नई-नई योजनाएं शुरू कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ कन्याओं को सुविधाओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, यहीं नजारा कन्या प्राथमिक शाला पनारापारा में देखा गया। जहां पहली से पांचवी तक कुल 108 बच्चे है, यहां केवल दो शिक्षिका ही हैं और एक एचएम है।

एचएम ने बताया कि यहां शिक्षिकों की कमी है, तथा पानी भी सही तरह से नहीं मिलता है, बच्चों को पानी लेने के लिए मिडिल स्कूल की तरफ जाना पड़ता है। तथा यहां मेन गेट नहीं होने की वजह से रोज असमाजिक तत्वों का आना-जाना लगा रहता है, जिसके चलते यहां निवासरत लोग स्कूल के अंदर ही शौच करने का अड्डा बना लिए हैं। वहीं कभी वे क्लास के सामने या फिर दिवारों के किनारे शौच कर चले जाते हैं। जिससे शिक्षिकाओं को काफी परेशानी होती है। इसके लिए उन्होंने कई बार पार्षद मीनू मुमताज से कहा लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा स्कूल में बालिकाओं के लिए शौचालय की भी व्यवस्था नहीं है, तथा लाईट भी नहीं है।

उन्होंने माध्यमिक शाला से तार लगाकर लाईट ली है, इस स्कूल में पहली व दूसरी बच्चों को तथा तीसरी और चौथी के बच्चों को एक साथ बैठा कर पढ़ाया जाता है तथा पांचवी की अलग कक्षा लगती है, जहां शिक्षिका न होने की वजह से बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। इसके लिए उन्होंने संकुल, बीईओ को सूचना दी पर अभी तक कोई परिणाम नहीं निकला है, इसके अलावा स्कूल के प्रांगण में एक शहरी शाला कक्ष बन कर तैयार है। जिसकी अनुमानित राशि 2 लाख रूपए है। इसी तरह कन्या शाला का एक भवन पिछले दो सालों से निर्माण हो रहा है, किन्तु अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है इसकी अनुमानित राशि साढ़े 4 लाख है। इसके अलावा और संकुल केन्द्र बनाया जा रहा है। जिसकी राशि में 2 लाख रूपए है।

पूरे पैसे होने के बावजूद भी स्कूल का निर्माण कछुए की चाल पर चल रहा है। इसके अलावा मिडिल कन्या शाला में भी शौचालय की व्यवस्था नहीं तथा पानी भी नहीं है। इसके लिए कई बार नगर निगम, बीईओ आदि को कहा गया पर 5 से 6 महिने गुजर गए पर अभी तक कोई परिणाम नहीं आया। उसी तरह स्कूल में 6 शिक्षिकाओं एवं 1 एचएम के होते हुए भी 6 वीं के बच्चों को मिडिल स्कूल का भृत्य पढ़ा रहा है। क्योंकि चार टिचरों की ड्यूटी जनगणना, राशन कार्ड नवीनिकरण तथा मतदाता सूचि में भेजा गया है।

बच्चों को 20 से 25 दिनों से एक शिक्षिका और एक भृत्य के भरोसे स्कूल चल रहा है, सरकार ने 1 अप्रैल 2010 से शिक्षा का अधिकार एवं कानून लागू करते हुए यह स्पष्ट कर दिया था, कि शिक्षकों की ड्यूटी केवल चुनाव, जनगणना एवं आपदा राहत कार्य के अलावा किसी गैर शैक्षणिक में लगाया जायेगा, किन्तु इसके पश्चात भी शिक्षिकाओं को किसी भी ड्यूटी में लगाकर बच्चों का भविष्य के साथ खिलवाड़ तो कर ही रहे है, साथ में उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

नर्सों का तबादला थोक में

जगदलपुर, 26 जुलाई। स्थानीय महारानी अस्पताल से नर्सों का थोक में तबादला हो जाने से अस्पताल की व्यवस्था डगमगा गई है जिसके चलते मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार यह स्वास्थ्य विभाग के आदेशानुसार बिना किसी जानकारी के जिला अस्पताल में पदस्थ दर्जनों नर्सों का तबादला किया गया है। इन नर्सों को रायपुर, बिलासपुर सहित कई अन्य स्थानों पर तबादला कर दिया गया है। तबादला किए गए नर्स भारमुक्त होकर जहां उन्हें भेजा गया है वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जाना शुरू कर दिया है। जिसके चलते अस्पताल में नर्सों की कमी हो गई है। तथा स्वास्थ्य विभाग में जांच के लिए नर्सों की कमी हो गई है। ज्ञात हो कि स्थानांतरित नर्सों के स्थान पर अभी तक कोई भी नई नर्स ने ज्वाईनिंग नहीं किया है। पर इससे पूर्व ही उन्हें रिलीव कर दिया गया है।

भारी वाहनों पर लगा पूर्णत: प्रतिबंध

छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 26 जुलाई। बस्तर जिले में निर्मित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत निर्मित सड़कों पर बारह टन से अधिक वजन लेकर चलने वाली भारी वाहनों पर कलेक्टर मनोहर सिंह परस्ते द्वारा पूर्णत: प्रतिबंध लगा दिया गया है।

कलेक्टोरेट में आयोजित क्रेशर प्लांट मालिकों, परिवहन संघ, स्वसहायता समितियों, प्रधानमंत्री सड़क योजना के कार्यपालन यंत्री, खनिज अधिकारी, परिवहन ठेकेदारों तथा पंचायतों के सरपंचों की बैठक कलेक्टर मनोहर सिंह परस्ते की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कलेक्टर मनोहर सिंह परस्ते ने क्रेशर प्लांट के मालिकों सहित सर्वसंबंधित से कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तहत निर्मित सड़कों की वजन सहन करने की क्षमता 12 टन तक की होती है। इससे अधिक वजन के भारी वाहनों के चलने से सड़क डामरीकरण उखड़ जाती है और जर्जर होकर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाते है। जिससे आवागमन में भारी असुविधा होती है तथा सड़क मरम्मत करना अल्प अवधि में संभव नहीं होता।

कलेक्टर ने 10 चक्के के वाहनों पर रोक लगाते हुए 12 टन से अधिक वजन परिवहन नहीं करने देने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया वहीं क्रेशर मालिक व परिवहन से संबंधित व्यक्ति और संस्थाओं से कहा कि वे निर्धारित शासकीय मापदण्डों का पालन सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने विस्फोटक पदार्थो को संबंधित थानों में रखने के क्रेशर युनिटों को निर्देश दिये। भारत क्रेशर छापरभानपुरी और बलीनागवंशी क्रेशर युनिट भानपुरी को कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना द्वारा नोटिस दिये जाने की बात बतायी गयी। नियमों का पालन सुनिश्चित नही करने तथा नोटिस का जवाब समय पर नहीं देने को अनुशासनहीनता मानते हुए लीज निरस्त करने के निर्देश दिये गये।

केन्द्रीय जेल में 15 अगस्त की चल रही जोरदार तैयारी

जगदलपुर, 26 जुलाई। केन्द्रीय जेल जगदलपुर में गोंचा पर्व के अवसर पर सावन की पहली फुहार का स्वागत करते हुए और पंद्रह अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पूर्व तैयारियों के साथ जेल में 26 जुलाई को प्रात:9 बजे से 10 बजे तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 100 बंदी कलाकारों ने अपने भिन्न-भिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया। सर्वप्रथम बस्तर की पारंपरिक लोक नृत्य गेंड़ी नाच की प्रस्तुति दी गयी। माड़िया लोक नृत्य के मंझे हुये कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया गया। साथ ही साथ तृतीय प्रस्तुति के रूप में उड़ीसा के लोककथा पर आधारित उड़िया नाटक का मंचन किया गया। छत्तीसगढ़ी कलाकार बंदियों द्वारा छत्तीसगढ़ की देवी की वंदना के साथ गीत की मनोरम प्रस्तुति दी गयी। इसके पश्चात बंदी बैंड पार्टी द्वारा राष्ट्रगीत के धुन बजाये गये। साथ ही अंतिम प्रस्तुति के रूप में बंदी आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा देश भक्ति गीत गाकर किया गया।

राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों की मीटिंग हुई

जगदलपुर, 26 जुलाई। बस्तर जिला के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा सर्व थाना, चौकी प्रभारियों की क्राईम मीटिंग आज एसपी सुंदरराज पी ने ली। बैठक में जिले में घटित अपराधों की समीक्षा की गई। तथा गंभीर अपराधों का शीघ्र से शीघ्र निराकरण करने तथा अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्रवाही करने हेतु सर्व थाना, चौकी को स्पष्ट निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अंदरूनी क्षेत्रों तथा जिला के बाहरी क्षेत्रों से शहर में आकर रूकने वाले व्यक्तियों की छानबीन एवं, किराए के मकान में रूकने वाले व्यक्तियों की तस्दीक हेतु कार्ययोजना बनाई गई। इस कार्ययोजना के अंतर्गत जिस मकान मालिक के यहां किराएदार किराए पर निवासरत हैं वह मकान मालिक अपने संबंधित थाना से निर्धारित प्रारूप प्राप्त कर

मांगी गई जानकारी अंकित करने के पश्चात निर्धारित प्रपत्र 15 अगस्त 2010 से पूर्व संबंधित थाना में जमा करना अनिवार्य होगा। इस आदेश का पालन न करने वाले मकान मालिकों एवं किराएदारों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाही की जाएगी। प्रथम चरण में इस कार्रवाही के अंतर्गत नगर निगम जगदलपुर, नगर पंचायत बस्तर, ग्राम पंचायत भानपुरी, नगर पालिका कोण्डागांव, नगर पंचायत फरसगांव तथा नगर पंचायत केसकाल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में यह अभियान पुलिस द्वारा चलाया जाएगा। बस्तर जिला के अंतर्गत नक्सल विरोधी अभियान में तेजी लाने हेतु सभी थाना, चौकी प्रभारियों को कड़ाई से निर्देशित किया गया एवं निर्देशों का पालन न करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाही किए जाने की चेतावनी पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई। समीक्षा बैठक के दौरान निरीक्षक कमलेश भगत द्वारा अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता प्रदर्शित करना पाए जाने से इन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा दिए गए निर्देशों का उलंघन तथा अनुशासनहीनता प्रदर्शित करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाही करने की चेतावनी भी पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई। बैठक में पंकज चन्द्रा अति. पुलिस अधीक्षक जगदलपुर, माईनतुंगो तुगोई भापुसे अति पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव, सुरजीत सिंह अति पुलिस अधीक्षक नक्सल आपरेशन जगदलपुर, सु श्री गायत्री सिंह नगर पुलिस अधीक्षक जगदलपुर, भारतेन्दु त्रिवेदी पुलिस अनु अधिकारी केशलूर, मुकेश खरे पुलिस अनु अधिकारी लोहण्डीगुड़ा, एलपी मिश्रा पुलिस अनु अधिकारी कोण्डागांव, एसआर अहिरवार पुलिस अनु अधिकारी केसकाल, हरीश कुमार यादव पुलिस अनु अधिकारी फरसगांव, श्रीमती अमृता सोरी उप पुलिस अधीक्षक अजाक क्राईम एवं श्रीमती संगीता पिटर्स उप पुलिस अधिक्षक आपरेशन तथा सर्व थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी एसपी सुंदरराज पी ने दी।

कम्प्यूटर शिक्षण संस्थाओं की सूची जिला पंचायत में चस्पा

जगदलपुर, 26 जुलाई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सीआर प्रसन्ना ने बताया कि शासकीय सेवाओं में नियुक्ति हेतु कम्प्यूटर प्रशिक्षण संस्थाओं की मान्यता के संबंध में जारी सूची के मुताबिक ही जिला पंचायत बस्तर द्वारा कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण पत्र के आधार पर डॉटा एन्ट्री ऑपरेटर और सहायक ग्रेड-3 के योग्य अभ्यर्थियों को संविदा नियुक्ति दिए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

इसके अन्तर्गत योग्य अभ्यर्थियों को संविदा नियुक्ति दिये जाने के संदर्भ में बुलावा पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने यह स्पष्ट करते हुए बताया है कि शासन द्वारा जारी मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थाओं की सूची जिला पंचायत बस्तर के सूचना पटल पर चस्पा है।

सैलानी की डायरी

अबूधाबी से शोहेब ने वहां के एक तेल सम्राट की मर्सिडीज बेंज कार की तस्वीर भेजी है जो 1600 हॉर्स पावर की है और 2 सेकंड में यह कार 100 किलोमीटर की रफ्तार पकड़ सकती है। लेकिन इतनी सी खूबियां इसे इस तस्वीर के लायक नहीं बनातीं, यह पूरी की पूरी कार सफेद सोने की बनी हुई है जो पीले सोने जितने ही दाम का होता है।

पाठक इस कॉलम के लिए दुनिया भर की तस्वीरें भेज सकते हैं। अगर तस्वीर उनकी खीचीं हुई हो तो उसका जिक्र करें। pix.chhattisgarh@gmail.com

सेवानिवृत्त होने वालों की सेवा पुस्तिका और वेतन निर्धारण की जांच जरूरी

जगदलपुर, 26 जुलाई। राज्य शासन के निर्देशानुसार बस्तर संभाग में कार्यरत ऐसे शासकीय सेवक जो आगामी 24 माह में सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उनकी सेवा पुस्तिका और वेतन निर्धारण की जांच अनिवार्य की गयी है। यदि ऐसे मामलों में वसूली की स्थिति निर्मित होती है, तो सेवानिवृत्ति के पूर्व शासकीय सेवक को सुनवायी का युक्तियुक्त अवसर देते हुए वसूली सुनिश्चित की जाएगी।

इसी प्रकार आगामी 12 माह में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण तैयार करके संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा जगदलपुर को प्रकरण अनिवार्य रूप से प्रेषित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि ऐसे प्रकरणों का परीक्षण कर यथासमय पेंशन भुगतान आदेश जारी किया जा सके। कोष लेखा एवं पेंशन मामलों के जगदलपुर स्थित संभागीय कार्यालय के संयुक्त संचालक रूद्रप्रतापसिंह चौहान ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यद्यपि शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण के निराकरण के लिए शासन द्वारा समय-समय पर विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद भी आहरण, संवितरण अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों के अनुसरण में आवश्यक कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण समय पर शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति उपरांत पेंशन और अन्य स्वतत्वों समय पर प्राप्त नहीं होते तथा कई प्रकरणों में वेतन निर्धारण की जांच नहीं होने के कारण वसूली की स्थिति निर्मित होती है। यह भी देखा गया है कि वसूली के विरूद्ध शासकीय सेवक न्यायालय की शरण लेते हैं, जिससे अनावश्यक समय और परेशानी की स्थिति निर्मित होती है, जिससे शासन और शासकीय सेवक दोनों को अनावश्यक विलम्ब और परेशानी होती है। इस संदर्भ में श्री चौहान ने बस्तर संभाग के समस्त आहरण, संवितरण अधिकारियों को शासन के उक्त निर्देशें के परिपालन में आगामी 24 माह में सेवानिवृत्त होने वाले सभी शासकीय सेवकों के वेतन निर्धारण की अनिवार्य रूप से जांच करवाये जाने को कहा है। इसी प्रकार उन्होंने आगामी 12 माह में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण तैयार करके उसे संभागीय संयुक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन को प्रेषित किए जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की है।

कोषालय के लिए दो कर्मी पदस्थ

जगदलपुर, 26 जुलाई। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी एलआर कश्यप ने बताया कि कलेक्टर बस्तर के द्वारा गठित चयन समिति की अनुशंसा पर रजमन पोटाई और शिवकुमार लहरे को भृत्य के पद पर एक-एस वेतनबेण्ड 4750-7440 ग्रेड वेतन 1300 वेतन संरचना में निर्धारित शर्तों के अधीन नियुक्त कर केशकाल और कोंडागांव पदस्थ किया गया है। इस संबंध में 23 जुलाई को आदेश भी जारी कर दिया गया है।

संक्षिप्त खबरें

जवान की गोली मार हत्या

नारायणपुर, 26 जुलाई। नारायणपुर में पदस्थ एसएएफ के एक जवान की नक्सलियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बताया गया कि जवान 21 जुलाई से लापता था। आज शाम उसका शव बड़गांव के पास मिला। उक्त जवान महासमुंद जिले के बसना का निवासी बताया गया है।

पानी में गिरने से युवक की मौत

जगदलपुर, 26 जुलाई। शहर में हो रहे लगातार बारिश से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है, तथा आए दिन पानी में गिरने से लोग घायल हो रहे है साथ ही सड़क पर गढ्ड़े होने के कारण गहराई को मापना मुश्किल हो गया गया। इसी तरह कल शाम धरमपुरा के गायत्री नगर निवासी लक्ष्मीकांत साहू पिता सूर्यनारायण साहू 50 जो कि बाएं पैर से अपाहिज है कल शाम 7 बजे बारिश में घर से निकलकर भाई से मिलने पैदल जा रहा था तभी वे पानी अधिक होने के कारण उन्हें नाली दिखाई नहीं दी और वे स्लिप होकर नाली में जा गिरे। जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। परिजनों के ढूंढने पर नाली में डूबे मिले। जिसे तुरंत महारानी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया।

बच्चे को लगा करंट

जगदलपुर, 26 जुलाई। शहर में विगत तीन दिनों से हो रहे झमाझम बारिश से कई घर, दुकानें, पेड़ तथा बिजली के खंबे गिर रहे हैं, जिससे आए दिन लोगों को इसका शिकार होना पड़ रहा है। इसी तरह कल बस्तर विकासखंड के राजेन्द्र नगर निवासी सुधीर बघेल पिता मनधर बघेल 3 जो कल सुबह 6 बजे अपने भाईयों के साथ पीछे ग्राउण्ड में जा रहा था, तभी घर से कुछ दूरी पर खंबे का तार टूटा पड़ा हुआ था, जिसे बच्चे ने ना देख उसमें फिसल कर चिपक गया, उसकी आवाज सुन बाजू घर में निवासरत योगेश सिन्हा बालक को करेंट में चिपका देख तुरंत उसे बचाने के लिए बांस का इस्तेमाल किया। और बच्चे को बचा लिया। बच्चे के परिजनों ने तुरंत उसे बस्तर के सीएचसी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जगदलपुर महारानी अस्पताल लाया गया।

12 वीं ओपन की परीक्षा हुई

जगदलपुर, 26 जुलाई। स्थानीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला में आज सुबह 8 से 11 बजे की बीच 12 वीं की परीक्षा में इकोनामी विषय की परीक्षा हुई, जिसमें कुल 44 परीक्षार्थियों में से केवल 28 विद्यार्थी उपस्थित हुए। यह परीक्षा दो कक्षाओं में तथा 4 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी।

2 मोटर सायकल में भिड़ंत

जगदलपुर, 26 जुलाई। स्थानीय धोबीगुड़ा में कल रात 9:30 बजे दो बाईकों की आपस में भिड़ंत हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नयामुण्डा निवासी गोविन्द नाग पिता स्वर्गीय कमलोचंद नाग 36 कल शाम पाईकपाल (उलनार) की तरफ से आ रहा था पीछे से आ रही तेज रफ्तार की बाईक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी, जिसके बाद बाईक सवार फरार हो गया। घायल युवक का कहना है कि वे दो लोग थे, और उन्होंने बाईक का नम्बर नहीं देखा। उसके बाद युवक अपनी बाईक लेकर अपने घर गया तथा उसे गंभीर अवस्था में देख उसके परिजनों ने उसे महारानी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया जहां युवक को पीठ, सिर व हाथ में गंभीर चोटें आई है।

मूली में वनमहोत्सव मनाया गया

जगदलपुर, 26 जुलाई। सामाजिक वानिकी मण्डल जगदलपुर द्वारा 25 जुलाई को बकावंड विकासखंड के अन्तर्गत ग्राम मूली के हाइस्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण कर वनमहोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आम, जामुन, कटहल, नीम, अशोक के 450 पौधों का पौधरोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सामाजिक वानिकी वनमंडल के वनमंडलाधिकारी एसकेपैकरा, बकावंड विकासखंड के भाजपा मंडल के अध्यक्ष बेदप्रकाश पांडे, वरिष्ठ कार्यकर्ता सत्यप्रकाश गुप्ता, धनुर्जय कश्यप, बिसई, प्राचार्य सलामें, उप वनमंडलाधिकारी टीए मैथ्यू सहित वन विभाग के कर्मचारी, वन विद्यालय के प्रशिक्षणार्थी, स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा वन और वृक्ष का मनुष्य जीवन में उपयोगिता तथा बढ़ती जनसंख्या का मांग के अनुरूप पूर्ति हेतु पड़त भूमि और निजी भूमि पर वृक्षारोपण और वनों की सुरक्षा पर बल दिया गया।

शहीदों को भाजपाईयों ने दी श्रद्धांजलि

जगदलपुर, 26 जुलाई। स्थानीय सीरहासार चौक में स्थित शहीद स्मारक में आज शाम भाजपाईयों ने कारगिल में शहीद हुए जवानों की 11 वीं वर्षगांठ पर श्रद्धांजली अर्पित की। इसमें भाजपा के नगरनिगम माहापौर किरणदेव, नगरनिगम अध्यक्ष शेषनारायण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय, संग्राम सिंह राणा, रणधीर सिंह ठाकुर, सुमित महापात्र, अश्वनीराज सरडे, उत्तम लाल वर्मा, विद्याशरण तिवारी, श्रीधर ओझा, मनोहर दत्त तिवारी आनंद मोहन मिश्रा, संतोष झा, शरद अवस्थी, रानी चेरपा, अनिता श्रीवास्तव, अंजु राय, मालती आचार्य, रामकुमार मण्डावी, झुन्नुराम बघेल, शशि शंकर शुक्ला आदि भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।